भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3332
दिनांक 12 मार्च, 2026

## तमिलनाडु में एलपीजी वितरण नेटवर्क

†3332. श्री अ. मनिः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में कार्यशील एलपीजी वितरकों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है और प्रत्येक जिले में लाइसेंस प्राप्त वितरण एजेंसियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार के पास धर्मापुरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सेवा प्रदान करने वाले एलपीजी वितरकों की संख्या और इस निर्वाचन क्षेत्र में एलपीजी कनेक्शन वितरण केंद्रों की कवरेज का ब्यौरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या धर्मापुरी में कोई ऐसी कमियाँ या अल्पसेवित क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं जहां निवासियों को एलपीजी वितरकों तक पहुंच और रिफिल हेतु देरी या कठिनाई का सामना करना पड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को धर्मापुरी निर्वाचन क्षेत्र में एलपीजी आपूर्ति, वितरक तक पहुंच, वितरण संभार तंत्र या सुरक्षा अनुपालन से संबंधित कोई विशिष्ट शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या धर्मापुरी और सम्पूर्ण तमिलनाडु में एलपीजी वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने, सेवा प्रदायगी में सुधार करने और सभी परिवारों के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लक्षित उपाय प्रस्तावित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ड़): दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार, तमिलनाडु राज्य में 1,658 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप सहित पूरे देश में कुल 25,605 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप प्रचालित हो रही हैं। इन्हें देश भर में स्थित तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के 214 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों के माध्यम से सेवा प्रदान की जाती है। ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में एलपीजी की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए, ओएमसी ने 01.04.2016 से 28.02.2026 के दौरान पूरे देश में 8037 डिस्ट्रीब्यूटरशिप कमीशन की हैं, जिनमें से 7444 (अर्थात 93%) ग्रामीण इलाकों में काम कर रही हैं। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु राज्य में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| दिनांक (की स्थिति के अनुसार) | 01.04.2023 | 01.04.2024 | 01.04.2025 | 01.03.2026 |
|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर की संख्या | 1638 | 1642 | 1651 | 1658 |

*संबंधित वित्त वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार।

स्रोत: पीएसयू ओएमसी की ओर से आईओसीएल

तमिलनाडु राज्य में उपलब्ध एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर की संख्या का ज़िले-वार ब्यौरा अनुलग्नक-क में दिया गया है।

धर्मपुरी संसदीय क्षेत्र में धर्मपुरी और सलेम ज़िले आच्छादित हैं और यहाँ सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के कुल 110 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर काम करते हैं, जिनमें 88 ग्रामीण (रुर्बन, ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रीय वितरक (डीकेवी)) डिस्ट्रीब्यूटर शामिल हैं।

दूर-दराज़ और कम सुविधा वाली बस्तियों में अंतिम व्यक्ति तक डिलीवरी को और बेहतर बनाने के लिए ओएमसी ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें ग्रामीण और दूर-दराज़ के इलाकों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप शुरू करना, सामान्य सेवा केंद्र- ग्राम स्तरीय उद्यमी (सीएससी वीएलई) की नियुक्ति, ऑर्डर बुकिंग और ट्रैकिंग के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल शामिल है। अंतिम व्यक्ति तक एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ओएमसी के पास उक्त 02 ज़िलों में 58 सीएससी वीएलई हैं।

उपभोक्ता को सशक्त बनाने और सर्विस पारदर्शिता में सुधार करने के लिए, देश भर में सभी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप में आईवीआरएस/एसएमएस रिफिल बुकिंग प्रणाली लागू की गई है। इस प्रणाली के तहत, उपभोक्ताओं को आवश्यक स्तर अर्थात रिफ़िल बुकिंग, कैश मेमो बनाना और रिफ़िल डिलीवरी पर एसएमएस नोटिफिकेशन मिलते हैं जिससे वे अपने लेन-देन का पता लगा सकते हैं और गलत या डिलीवरी न होने के किसी भी मामले की रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, तेल विपणन कंपनियाँ (ओएमसी) ने डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) शुरू किया है। यह कोड उपभोकताओ को कैश मेमो बनाने पर एसएमएस से भेजा जाता है और डिलीवरी के समय डिलीवरी करने वाले के साथ शेयर करना ज़रूरी होता है, जिससे डिलीवरी प्राधिकार सुनिश्चित हो जाता है।

इन प्रयासों के परिणामस्वरुप, इन ज़िलों में चालू वित्त वर्ष(अप्रैल'25-फरवरी'26) के दौरान औसत रीफिल डिलीवरी टाइम 1.5 दिन से भी कम बताया गया है।

वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान, धर्मपुरी संसदीय सीट के धर्मपुरी और सलेम ज़िलों में रीफिल आपूर्ति से संबंधित कुल 884 शिकायतें मिलीं और सभी शिकायतों को तय समय में निपटान कर दिया गया।

सभी एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए शिकायत निपटान प्रणाली को उपभोक्ताओं के अनुभव और सेवा गुणवता को बेहतर बनाने के लिए समय के साथ धीरे-धीरे मज़बूत और बेहतर बनाया गया है । अब एलपीजी उपभोक्ता निम्नलिखित तरीके का इस्तेमाल करके अपनी परेशानियां/शिकायतें दर्ज करा सकते हैं-

1. टोल फ्री हेल्पलाइन- उपभोक्ता के लिए राजसहायता से संबंधित मामलों सहित अपने प्रश्न दर्ज करने के लिए एक समर्पित टोल-फ्री हेल्पलाइन (1800 2333 555) उपलब्ध है।
2. ओएमसी की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल अनुप्रयोग
3. केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस)
4. एमओपीएनजीईसेवा सहित चैटबॉट, व्हाट्सएप,सोशल मीडिया हैंडल (ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम)
5. 1906: एलपीजी से संबंधित दुर्घटना/लीकेज के लिए समर्पित हेल्पलाइन
6. डिस्ट्रीब्यूटर कार्यालय में सीधे शिकायत दर्ज कराना

ऑनलाइन शिकायतों के मामले में उपभोक्ताओ के पास शिकायत के समाधान पर अपना फीडबैक देने का विकल्प होता है। अगर कोई उपभोक्ता किए गए समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो उनके पास आगे समीक्षा के लिए प्रश्न को पुन: पूछने का विकल्प होता है।

******

अनुलग्नक - क

"तमिलनाडु में एलपीजी वितरण नेटवर्क" के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को श्री अ. मनिः द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3332 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

तमिलनाडु में ज़िले-वार एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप की संख्या (दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार)

| जिले का नाम | एलपीजी वितरकों की संख्या |
|---|---|
| अरियालुर | 16 |
| कोयंबत्तूर | 92 |
| कन्याकुमारी | 34 |
| चेन्नई | 106 |
| मदुरै | 69 |
| नीलगिरी | 20 |
| वेल्लोर | 36 |
| पुदुकोट्टई | 33 |
| रामनाथपुरम | 30 |
| **सलेम** | **77** |
| **धर्मपुरी** | **33** |
| तंजावुर | 44 |
| तिरुचिरापल्ली | 69 |
| तिरुवल्लुर | 78 |
| तिरुवन्नामलाई | 57 |
| कुड्डालोर | 52 |
| विलुप्पुरम | 38 |
| कांचीपुरम | 27 |
| पेरम्बलुर | 19 |
| तूतीकोरिन | 46 |
| तिरुनेलवेली | 41 |
| विरुधुनगर | 45 |
| थेनी | 27 |
| डिंडीगुल | 44 |
| शिवगंगा | 29 |
| करूर | 31 |
| थिरुवरुर | 27 |
| नागपट्टिनम | 16 |
| इरोड | 65 |
| नमक्कल | 45 |
| कृष्णागिरी | 41 |
| तिरुपूर | 73 |
| चेंगलपट्टू | 61 |
| कल्लाकुरिची | 29 |
| तिरुपथुर | 26 |
| रानीपेट | 38 |
| तेनकासी | 29 |
| मयिलाडुतुरै | 15 |
| कुल | **1658** |

स्रोत: पीएसयू ओएमसीज़ की ओर से आईओसीएल